Rapid Fire करेंट अफेयर्स (27 September)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-september-27

- 23 सितंबर को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (International Day of Sign Languages) का आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र की घोषणा का अनुसरण करते हुए बधिरों के अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह के हिस्से के रूप में यह मनाया जाता है। विश्व बधिर संघ की ओर से प्रतिवर्ष सितम्बर माह के अंत में **'अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह'** का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2018 में इसका आयोजन 23 से 30 सितंबर, 2018 तक किया गया था। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस की थीम **सांकेतिक भाषा के साथ, सभी लोग सम्मिलित हैं (With Sign Language, Everyone is Included)** रखी गई है।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण- **एपीडा** (Products Export Development Authority- APEDA) ने त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में **अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं क्रेता-विक्रेता बैठक** का आयोजन किया। इस बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र, विशेष रूप से त्रिपुरा के कृषि उत्पादों की निर्यात संभावना पर चर्चा की गई। इस बैठक में बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत और यूनान के 20 अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों ने हिस्सा लिया। एपीडा ने इस क्षेत्र के निर्यातकों की मदद के लिये विभिन्न पहलें शुरू की हैं। त्रिपुरा में अनानास, अदरक, हल्दी जैसी विशेष जिंसों के साथ-साथ बागवानी उत्पादों, सुगंधित चावल और तिलहन आदि उगाए जाते हैं । इसके लिये राज्य सरकार बुनियादी ढाँचे और रसद सुविधाओं का निर्माण करने के लिये पूरी कोशिश कर रही है। इसके अलावा, रेल और सड़क की बेहतर कनेक्टिविटी तथा सीमा पार बांग्लादेश से होकर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। विदित हो कि एपीडा की स्थापना दिसंबर, 1985 में संसद द्वारा पारित कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा की गई और इसने संसाधित खाद्य निर्यात प्रोत्साहन परिषद का स्थान लिया था।
- **'सिंगापुर-भारत हैकाथन'** के दूसरे संस्करण का आयोजन IIT मद्रास में 28 और 29 सितंबर को किया जा रहा है। भारत और किसी अन्य देश के बीच यह अपने किस्म का पहला संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय हैकाथन है। इस संयुक्त हैकाथन का लक्ष्य भारत और शेष विश्व के छात्र समुदाय के बीच सहयोग को बढ़ावा देना तथा हमारे समाज की कुछ चुनौतीपूर्ण समस्याओं का नवोन्मेषी व लीक से हटकर समाधान तलाशना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 सितंबर को इसके विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य है **स्मार्ट कैंपस** विषय पर आधारित सिंगापुर-भारत हैकाथन का पहला संस्करण नवंबर, 2018 में एनटीयू सिंगापुर में हुआ था। इस साल का हैकाथन तीन विषयों पर केंद्रित है- **'अच्छी सेहत और तंदुरुस्ती', 'अच्छी शिक्षा' तथा 'किफायती और स्वच्छ ऊर्जा'**। इस हैकथान में सबसे ज़्यादा नवाचारी समाधान प्रस्तुत करने वाली टीम को 10,000 डॉलर, दूसरी, तीसरी और चौथी विजेता टीमों को क्रमश: 8,000 डॉलर 6,000 डॉलर तथा 4,000 डॉलर दिये जाएंगे।

- तमिलनाडु के **कोडियाकराई वन्यजीव संरक्षण अभयारण्य** में **हिरणों के पुनर्वास** का अनूठा काम शुरू किया गया है। यह कार्य केंद्र सरकार के **स्मार्ट सिटी योजना** के तहत **तंजावुर के शिवगंगई उद्यान** में आठ करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है। डॉक्टरों के एक दल ने इन हिरणों की जाँच की तत्पश्चात इन्हें कोडियाकराई के घने जंगलों में छोड़ दिया गया। पॉइंट कैलिमेर वाइल्डलाइफ एंड बर्ड सैंक्चुअरी तमिलनाडु में 21.47-वर्ग किलोमीटर का संरक्षित क्षेत्र है। इसे तमिल में कोडियाककारई कहते हैं। यह अभयारण्य वर्ष 1967 में भारत के स्थानिक स्तनपायी प्रजाति ब्लैकबक के संरक्षण के लिये बनाया गया था। इसका अंतर्राष्ट्रीय नाम **पॉइंट कैलिमेर वन्यजीव अभयारण्य** है।
- दुनियाभर में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला सर्च इंजन **गूगल** आज अपना 21वाँ जन्मदिन मना रहा है। आज हम हर बात की जानकारी लेने के लिये गूगल की मदद लेते हैं। गूगल आज के समय में देश और दुनिया में काफी कुछ बदलने की ताकत रखता है। गूगल के सहयोग से आज हमारे देश के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को **फ्री वाई-फाई** की सुविधा उपलब्ध हो रही है। इसके साथ ही **गूगल मैप्स** देश की बड़ी आबादी को रोज रास्ता दिखाने में मददगार साबित हो रहे हैं। गूगल ने वर्ष 1998 में अपना पहला डूडल **'बर्निंग मैन फेस्टिवल'** पर बनाया था। इसी तरह मई 2012 में गूगल ने अपने डूडल को नया रूप दिया था। यह एक गेम के रूप में था और ऐसा पहली बार हुआ था कि एक यूजर के रूप में आप गूगल डूडल के साथ खेल सकते थे। यह डूडल Pac-Man वीडियो गेम 30 साल पूरे होने के मौके पर बनाया गया था। दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल ने अपना डोमेन (Google.com) 15 सितंबर 1997 को रजिस्टर कराया था, लेकिन वर्ष 2005 से कंपनी अपना जन्मदिन 27 सितंबर, को मना रही है। इस वर्ष अपने जन्मदिन पर गूगल ने अपने डूडल में एक बड़ा वाला मॉनिटर, एक की-बोर्ड, माउस और एक प्रिंटर दिखाया है। इस डूडल में गूगल ने अपने ऑफिस के एक फोटो का इस्तेमाल किया है। इसमें लगाई गई फोटो को 27 सितंबर 1998 को खींचा गया था। **गूगल** की स्थापना सर्गेई ब्रिन और लैरी पेज ने वर्ष 1998 में की थी।